दिनांक : 26.01.2025

समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल

बुलेटिन के मुख्य समाचार,

1- देशभर में आज उल्लास के साथ मनाया जा रहा है 76वां गणतंत्र दिवस।
2- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रिय समारोह का करेंगी नेतृत्व, राज्य स्तरिय समारोह में राज्यपाल भोपाल में ध्वज फहराएंगे
3- राष्ट्रपति ने पद्म पुरस्कारों की घोषणा की, प्रदेश से 5 लोगो को पद्मश्री पुरुस्कार
4- दो कीर्ति चक्र और 14 शौर्य चक्र सहित 93 वीरता पुरूस्कारो की घोषणा।

गणतंत्र दिवस

राष्ट्र आज 76वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नई दिल्ली के कर्तव्य पथ से गणतंत्र दिवस समारोह में राष्ट्र का नेतृत्व करेंगी। गणतंत्र दिवस परेड सुबह साढे दस बजे शुरू होगी और लगभग 90 मिनट तक चलेगी। प्रदेष में राज्यपाल मंगुभाई पटेल भोपाल में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में ध्वज फहरायेंगे। मुख्यमंत्री मोहन यादव इंदौर में ध्वज फहरायेंगे। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर मुरैना जिले में और जिला मुख्यालयों पर मंत्री एवं कलेक्टर ध्वज फहराकर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा देवासए उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल रीवाए पंचायत और ग्रामीण विकासए मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल सागरए जनजातीय कार्यए भोपाल गैस राहत मंत्री विजय शाह झाबुआए नगरीय विकास एवं आवासए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय धारए लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह जबलपुरए जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ग्वालियरए कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री गौतम टेटवाल उज्जैनए में ध्वज फहराकर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने भी प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी।

पद्म पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वर्ष 2025 के लिए 139 पद्म पुरस्कार प्रदान करने को मंजूरी दी है। इस सूची में सात पद्म विभूषणए 19 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री पुरस्कार

शामिल हैं। पुरस्कार पाने वालों में 23 महिलाएँ हैं। इस सूची में विदेशीए अप्रवासी भारतीयए भारतीय मूल के लोग और भारत के विदेशी नागरिक श्रेणी की 10 विभूतियां हैं और 13 अन्य को मरणोपरांत इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। भारतीय लेखक एमटी वासुदेवन नायरए सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन के पूर्व अध्यक्ष ओसामु सुजुकी और गायिका शारदा सिन्हा को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया है। गायक पंकज उधास और अर्थशास्त्री बिबेक देबरॉय को मरणोपरांत पद्म भूषण दिया गया है। हॉकी खिलाड़ी पीआर श्रीजेश को पद्म भूषण और क्रिकेट खिलाडी रविचंद्रन अश्विन तथा फुटबॉल खिलाड़ी आईएम विजयन को पद्मश्री से सम्मानित किया गया है। मध्य प्रदेष से पांच ष्लोगों को पद्मश्री सम्मान के  लिए चुना गया है। कला के क्षेत्र में श्री भेरू सिंह चौहानए श्री हरचंदन सिंह भट्टीए चिकित्सा क्षेत्र में श्री बुद्धेन्द्र कुमार जैन साहित्य और  षिक्षा में श्री जगदीष जोषिला और व्यापार एवं उद्योग के क्षेत्र में श्री सैली होल्कर को पद्मश्री सम्मान की घोषणा की गई है।

राष्ट्रपति संदेश

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि संसद में पेश 'एक राष्ट्र एक चुनाव' विधेयक में सुशासन की शर्तों को फिर से परिभाषित किया गया है। उन्होंने कहा कि 'एक राष्ट्र एक चुनाव' योजना शासन में निरंतरता को बढ़ावा दे सकती हैए नीति निर्धारण से जुडी निष्क्रियता समाप्त की जा सकती हैए संसाधनों के उचित इस्तेमाल और वित्तीय बोझ को कम कर सकती है। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि इस तरह के बड़े सुधारों के लिए दूरदर्शिता आवश्यिक है। उन्होंने कहा कि 1947 से देश में औपनिवेशिक मानसिकता के कई प्रतीकों को बदलने के ठोस प्रयास जारी हैं। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि भारतीय दंड संहिताए दंड प्रक्रिया संहिता की जगह भारतीय न्याय संहिताए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लाने का निर्णय इन प्रयासों में सबसे उल्लेखनीय रहे हैं। उन्होंने कहा कि नए अधिनियमों से दंड के स्थान पर न्याय प्रदान करने की भावना को आपराधिक न्याय प्रणाली के केन्द्र में रखा गया है। उन्होंने यह भी कहा कि नए कानूनों में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध पर काबू पाने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है।

गणतंत्र दिवस संस्थान

प्रदेष में स्थित केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के विभिन्न षासकीय कार्यालयोंए

न्यायालयों और अन्य संस्थानों में गणतंत्र दिवस के मौके पर साज सज्जा की गई है। ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। आकाशवाणी भोपाल में उप महानिदेशक अभियांत्रिकी यशवंत चिवंडे और सीसीडबल्यू कार्यालय में टी एन शर्मा झंडा फहराएंगे।

राष्ट्रपति-वीरता पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 76वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर 93 वीरता पुरस्कारों की घोषणा की है। इसमें सशस्त्र बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के कर्मी हैंए जिनमें 11 को मरणोपरांत पुरस्कार दिया जाना शामिल है। इनमें एक मरणोपरांत सहित दो कीर्ति चक्रए तीन मरणोपरांत सहित 14 शौर्य चक्रए एक सेना पदक वीरता बारए सात मरणोपरांत सहित 66 सेना पदकए दो नौसेना पदक और आठ वायु सेना पदक शामिल हैं। मेजर मंजीत और नायक दिलावर खान को मरणोपरांत कीर्ति चक्र से सम्मानित किया गया है। कीर्ति चक्र साहसी कार्यों और आत्म-बलिदान के लिए दिया जाता है। राष्ट्रपति ने सशस्त्र बलों और अन्य कर्मियों को 305 रक्षा अलंकरण से सम्मानित करने को भी मंजूरी दी। इनमें 30 परम विशिष्ट सेवा मेडलए पांच उत्तम युद्ध सेवा मेडलए 57 अति विशिष्ट सेवा मेडलए 10 युद्ध सेवा मेडल, 43 सेना मेडल, आठ नौ सेना मेडल, 15 वायु सेना मेडल,चार विशिष्ट सेवा मेडल और 132 विशिष्ट सेवा मेडल शामिल हैं।

लोकरंग

भोपाल के रवीन्द्र भवन परिसर में आज से 30 जनवरी तक 'लोकरंग' का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यपाल मंगूभाई पटेल होंगे। समारोह पारम्परिक नृत्यए गायन-वादनए शिल्प और व्यंजन मेला केन्द्रित होगा। समारोह में करीब 300 से अधिक शास्त्रीयए लोक और जनजातीय पारम्परिक वाद्ययंत्रों को प्रदर्शित करती बहुवर्णी वाद्य प्रदर्शनी का भी संयोजन का जा रहा है। समारोह में लोकरंग के चालीस वर्षों की यात्रा का चालीस वाद्यों की संगति में नाद समन्वित प्रस्तुति भी दी जायेगी । समारोह के आखरी दिन 30 जनवरी को माधवास रॉक बैंडए वृंदावन की भक्ति संगीत की प्रस्तुति देंगे।

क्रिकेट

भारत ने कल रात दूसरे टी20 क्रिकेट मैच में इंग्लैंड पर दो विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में 166 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 19 ओवर और 2 गेंदों में आठ विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। वाशिंगटन सुंदर ने 19 गेंदों में 26 रन बनाए। तिलक वर्मा की 55 गेंदों में 72 रन की शानदार पारी के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट पर 165 रन बनाए।

मतदाता  दिवस

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि यह गर्व की बात है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ाए विविधतापूर्णए युवाए समावेशी और संवेदनशील लोकतंत्र है। कल नई दिल्ली में 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम में राष्ट्रपति ने झाबुआ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नेहा मीणा को स्वीप गतिविधियों के सफल संचालन के लिए वर्ष 2024.25 के लिए बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिसेज अवॉर्ड से सम्मानित किया। सुश्री मीणा ने झाबुआ जिले में भगोरिया उत्सव की पारंपरिक परिधान पहने शुभंकर युगल 'चुनावी काका - चुनावी काकी' का उपयोग कर स्वीप अभियान चलाया। इससे मतदाता जागरूकता को बढ़ावा मिला।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर

1- देशभर में आज उल्लास के साथ मनाया जा रहा है 76वां गणतंत्र दिवस।
2- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रिय समारोह का करेंगी नेतृत्व, राज्य स्तरिय समारोह में राज्यपाल भोपाल में ध्वज फहराएंगे
3- राष्ट्रपति ने पद्म पुरस्कारों की घोषणा की, प्रदेश से 5 लोगो को पद्मश्री पुरुस्कार
4- दो कीर्ति चक्र और 14 शौर्य चक्र सहित 93 वीरता पुरूस्कारो की घोषणा।